...रिवाइज किए गए हैं, उनका ... हृदयालय, उर्मिला अस्पताल, सर्वोदय अस्पताल,

सौ करोड़ की पाइप लाइन का प्रेजेंटेशन

रायपुर. नगर निगम में सौ करोड़ की पाइप लाइन बिछाने को लेकर टेंडर भरने वाली चार कंपनियों ने अपना-अपना प्रजेंटेशन दिया। इसमें पाइप लाइन बिछाने के कार्य को विस्तार से बताया गया। इस दौरान महापौर किरणमयी नायक, जल विभाग के अध्यक्ष जग्गू सिंह ठाकुर, आयुक्त तारन प्रकाश सिन्हा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। नई 17 टंकियों का पानी घर-घर तक पहुंचे इसकी खातिर घर-घर तक पाइप लाइन बिछाने का कार्य सौ करोड़ रुपए से

किया जाना है। इस कार्य के लिए निगम ने टेंडर मांगा था। इसमें विश्वराज इनवायरमेंट प्राइवेट लिमिटेड नागपुर, वेन इंडिया एक्सल इंफ्रास्ट्रक्चर मुंबई, एसपीएमएल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड गुडगांव हरियाणा एवं विश्वा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद सहित कुल चार कंपनियों ने रुचि दिखाई। इनके प्रतिनिधियों ने गुरुवार को निगम मुख्यालय के सभाकक्ष में अपना-अपना प्रजेंटेशन दिया। इसमें पाइप लाइन कैसे बिछाई जाएगी, तकनीकि क्या इस्तेमाल होगी, कार्य कैसे करेंगे सहित अन्य जानकारी दी गई। निगम अधिकारी ने बताया कि प्रस्तुतीकरण के बाद कंपनियों का तकनीकी मूल्यांकन किया जाएगा और आयुक्त के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।